– प्रेस नोट–

थानाधिकारी पुलिस थाना उदयमंदिर जोधपुर पूर्व

दिनांक:– 03.04.2024

- **धोखधड़ी कर अपने सगे भाई का भूखण्ड बेचान करने वाला आरोपी गिरफ्तार**
- **मुल्जिम ने अपने भाई का फर्जी व कुटरचित आम मुख्तयारनामा तैयार कर भूखण्ड को बेचान किया।**

प्रार्थी श्री बाबुलाल सुथार पुत्र श्री रूघनाथराम सुथार जाति सुथार निवासी गांध धुंधाडा पुलिस थाना लुणी हाल मुम्बई महाराष्ट्र ने दर्ज करवाया की मेरे सगे छोटे भाई भूराराम सुथार ने मेरे धुंधाड़ा स्थित भूखण्ड का फर्जी व कुटरचित आम मुख्तयारनामा बनाकर मेरे भूखण्ड को आगे बेचान कर प्रार्थी के साथ धोखधडी की वगैरा रिपोर्ट पर प्रकरण संख्या 417/2023 धारा 420, 467, 468, 471 भादसं. पुलिस थाना उदयमंदिर में पंजीबद्ध कर अनुसंधान शुरू किया गया। प्रकरण में सम्पादित अनुसंधान से पाया गया कि आरोपी भूराराम सुथार पुत्र रूघनाथराम सुथार जाति सुथार निवासी धुंधाडा पुलिस थाना लुणी जोधपुर ने फर्जी स्टाम्प व साखकर्ताओ के फर्जी व कुटरचित हस्ताक्षर कर आम मुख्तयारनामा तैयार कर प्रार्थी के भूखण्ड को आगे बेचान कर दिया अनुसंधान पश्चात अपराध प्रमाणित पाये जाने पर प्रकरण में आरोपी भूराराम सुथार को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भिजवाया गया।

गिरफ्तार मुल्जिमान:–

भूराराम सुथार पुत्र रूघनाथराम सुथार जाति सुथार निवासी धुंधाडा पुलिस थाना लुणी जोधपुर

पुलिस टीम:–

1. श्री सुरेन्द्रसिंह नि0पु0 थानाधिकारी
2. श्री मनोज कुमार उनि
3. श्री कमलेश कानि 2013
4. श्री महेन्द्रसिंह कानि 1386

थानाधिकारी
पुलिस थाना उदयमंदिर
जोधपुर पूर्व